राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–247/2023

राज्यपाल ने 'आयुष्मान भव अभियान' एवं 'आयुष्मान भव पोर्टल' के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया

पटना, 13 सितम्बर, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 'आयुष्मान भव अभियान' एवं 'आयुष्मान भव पोर्टल' के शुभारंभ कार्यक्रम में राजभवन, पटना से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए भाग लिया। अभियान का शुभारम्भ भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया।

इस अभियान का उद्देश्य विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की संतृप्ति कवरेज (Saturation Coverage) करना है। यह केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है, जिसके तहत देश के हर गाँव और कस्बे के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का कवरेज प्रदान किया जाना है।

इस अवसर पर राजभवन, पटना में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....